>

Title: Need to start second phase of Rajiv Gandhi Grameen Vidyutikaran Yojana in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar and also to include new villages of the area under the scheme.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): हमारा संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, बिहार एक अत्यंत पिछड़ा कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां की 90 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, जिसके लिए प्रचुर मात्रा में बिजली उपलब्ध होनी चाहिए लेकिन इस पिछड़े और कृषि प्रधान इलाके में राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। प्रथम चरण का कार्य येन-केन-प्रकारेण पूरा हुआ लेकिन द्वितीय चरण का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है। पूरे जिले के ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं। लेकिन विभाग इन्हें बदलने की सुध नहीं ले रहा है। राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के क्रियान्वयन के समय जो सर्वे हुआ, उसमें जिले के कई गाँव सर्वे से वंचित रह गए।

मैं माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहूंगा कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना का दूसरा चरण शीघ्र शुरू कराया जाए। साथ में पूरे जिले में जले पड़े ट्रांसफार्मरों को अतिशीघ्र बदलवाने के लिए निर्देशित किया जाए, साथ ही सर्वे में जो गाँव छूट गए हैं, उनका सर्वे करवा कर विद्युतीकरण का कार्य कराया जाए।